www.livehindustan.com

हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

गुरुवार
7 जुलाई 2022, नोएडा, नगर संस्करण

वर्ष 87, अंक 160, 18 पेज+4 पेज लाइव, मूल्य ₹ 4.00, एचटी एज के साथ ₹ 5.50 एवं हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ ₹ 9.50 ● पांच प्रदेश ● 21 संस्करण

शिखर धवन को सौंपी वेस्टइंडीज दौरे के लिए वनडे टीम की कमान

P-16

कॉमर्शियल हब के रूप में विकसित होगा एयरपोर्ट

लखनऊ, विशेष संवाददाता। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट एनसीआर, प्रदेश समेत देश की बढ़ती उड्डयन जरूरतों को पूरा करने के साथ ही देश के एक बड़े कामर्शियल हब के रूप में विकसित होगा। पर्यटकों की सुविधा में बढ़ोत्तरी के साथ औद्योगिक इकाइयों, हस्तशिल्पियों व किसानों के उत्पादों के निर्यात को बढ़ाने की दृष्टि से एयर कार्गो को बढ़ावा देने पर खास ज़ोर दिया जाएगा।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने बुधवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट संयुक्त समन्वय समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बातें कही। उन्होंने कहा कि इसे पूरी तरह से ईको फ्रेंडली ग्रीन एयरपोर्ट बनाते हुए पानी की एक-एक बूंद बचाने पर जोर होगा। एयरपोर्ट का वॉटर बैलेंस व वॉटर मैनेजमेंट प्लान पूरे शोध के साथ बने। इसके साथ ही एसटीपी, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, वॉटर स्टोरेज के साथ वॉटर रिसाइक्लिंग की पूरी व्यवस्था हो।

आधुनिक तकनीकी का प्रयोग कर एयरपोर्ट की सुरक्षा, पेपर लेस, कॉन्टैक्ट लेस सिस्टम को मजबूत बनाने पर काम करना होगा। कोई भी काम किसी भी वजह से रुके नहीं। विभागों के आपसी तालमेल से काम को तेजी से आगे बढ़ाना है। इसे ऐसे मॉडल एयरपोर्ट के रूप में विकसित करें जो दुनिया के लिए प्रेरणा बने।